प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

31 दिसंबर 2021

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – नवंबर 2021

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो नवंबर 2021 महीने के लिए सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर, खाद्येतर बैंक ऋण[1] वृद्धि नवंबर 2021 में बढ़कर 7.1 प्रतिशत हो गई, जबकि नवंबर 2020 में यह 5.9 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण नवंबर 2021 में 10.4 प्रतिशत पर मजबूत बना रहा, जबकि नवंबर 2020 में यह 7.0 प्रतिशत था।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि नवंबर 2021 में 3.8 प्रतिशत बढ़ी, जो नवंबर 2020 में 0.7 प्रतिशत थी। आकार के अनुसार, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 25.7 प्रतिशत की तुलना में नवंबर 2021 में 48.7 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक साल पहले के 0.6 प्रतिशत से नवंबर 2021 में तेजी से बढ़कर 12.7 प्रतिशत हो गई। बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण नवंबर 2021 में मोटे तौर पर पिछले साल के समान स्तर पर रहा।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'खनन और उत्खनन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', तथा 'कपड़ा' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि नवंबर 2021 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ी है। हालांकि, 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'रत्न और आभूषण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।
- सेवा क्षेत्र में ऋण वृद्धि ने नवंबर 2021 में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि एक साल पहले यह 8.2 प्रतिशत थी।

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- व्यक्तिगत ऋण दोहरे अंकों की दर से बढ़ते रहे और नवंबर 2020 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में नवंबर 2021 में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसकी मुख्य वजह 'टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं' और 'वाहन ऋण' थीं।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1457